हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 दिसंबर 2025



04 शिविर में स्काउट गाइड्स को किया...




07 वीर बाल दिवस पर सिरोंज गुरुद्वारे में श्रद्धांजलि...



**खबर संक्षेप**

### स्थापना दिवस पर सद्भावना रैली आज

**विदिशा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सद्भावना रैली का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस के तत्वाधान में होगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि प्रकाश साहू ने बताया कि दोपहर 12 बजे नीमताल चौराह स्थित गांधी प्रतिमा से रैली प्रारंभ होगी, जो तिलकचौक, निकासा होते हुए माधवगंज चौराह पहुंचकर सभा में परिवर्तित होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन व कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी व नगर अध्यक्ष रवि साहू ने अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### उर्दू अकादमी का कार्यक्रम आज

**विदिशा।** मप्र उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन रविवार दोपहर 1 बजे से मानव सेवा न्यास में किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में उस्ताद शायर निसार मालवी विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में इस्माइल साहिल, मास्टर मुजाहिद, अज़मत दानिश, डॉ. अतहर, शाहिद अली शाहिद सहित अनेक शायर व साहित्यकार रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। संचालन संतोष सागर करेंगे। डॉ. मेहदी ने सभी साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### 31 को नीमताल पर दूध वितरित करेंगे

**विदिशा।** आसरा अपनों का की टीम द्वारा साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को शाम 7 बजे नीमताल चौराहे पर दूध वितरण किया जाएगा। करीब 300 लीटर केसर युक्त दूध राहगीरों को पिलाकर नव वर्ष की शुरूआत दारु नहीं दूध से कीजिए का संदेश दिया जाएगा। आसरा अपनों का के संचालक आदर्श तिवारी ने बताया कि साल के अंतिम दिन हर साल वह यह आयोजन कर युवाओं को संदेश देते आ रहे हैं कि नए साल की शुरूआत अच्छे कार्य से करें।

### विद्यार्थियों को सुंदर डेयरी का भ्रमण कराया



**विदिशा।** पीएमश्री शासकीय स्कूल पीपलधार के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने सुंदर डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कॉलेज एवं डेयरी फार्म प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने दुग्ध प्रोसेसिंग प्लांट में दूध का पाश्चराइजेशन, घी, मक्खन, पनीर निर्माण, प्रोसेसिंग एवं पैकिंग प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। साथ ही सुंदर डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कॉलेज का भी अवलोकन किया। कॉलेज के प्राचार्य विपिन सिंह, शिवनीति मैडम एवं दीपक रघुवंशी द्वारा डेयरी टेक्नोलॉजी व दुग्ध उत्पादों की जानकारी दी गई।

### किसान कांग्रेस में नई टीम की घोषणा, संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

**विदिशा।** प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में विदिशा जिला किसान कांग्रेस की पांचों विधानसभाओं के लिए विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक एवं उपब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऊर्जावान टीम किसानों के हित, अधिकार और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। पारदर्शिता, एकता और संकल्प के साथ किसान कांग्रेस अन्नदाता की आवाज को मजबूती से सत्ता तक पहुंचाएगी।

---

ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुरू, दुकानों का चल रहा आवंटन

## 125 वर्ष पूरे होने पर भगवा मय होगा मेला परिसर, विद्वानों को किया जाएगा आमंत्रित

***विदिशा के ऐतिहासिक रामलीला मेले के 125 साल पूरे होने पर इस बार मेला परिसर भगवामय नजर आएगा। इसके लिए समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूत्र बताते हैं कि देश के विद्वानों को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है। शंकराचार्य भी विदिशा मेले में आ सकते हैं। ऐसी चर्चाएं चल रही हैं।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

1901 से शुरू हुआ विदिशा का ऐतिहासिक मेला 14 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला के 125 वर्ष पूर्ण होने पर मेला परिसर को भगवामय करने की तैयारी चल रही है। रामलीला मेले की करीब 220 दुकानों को भगवा रंग में रंगा जाएगा। यह दुकानें रामलीला की मुख्य सड़क के दोनों ओर बनी हुई हैं। वहीं मेला परिसर के अंदर लगने वाली दुकानों पर भी भगवा ध्वज लगाने पर विचार किया जा रहा है। 125 वें वर्ष को ऐतिहासिक बनाने के लिए देश के विद्वान ब्राह्मणों, शंकराचार्य के आगमन को लेकर भी चर्चाएं चल रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला और मेला देशभर में मसहूर है। इसे इस बार भगवामय बनाने के लिए मेला समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जल्द काम शुरू होगा।



विदिशा। मेला परिसर में व्यापारियों का आना शुरू हो गया है, झूले लगने लगे हैं।

### कोरोना काल में पहली बार हुआ था बदलाव

कोरोना काल में रामलीला मेले का इतिहास पहली बार बदला गया। कोरोना के चलते मेले में किसी भी व्यापारियों को परमिशन नहीं दी गई थी। लीलाओं का मंचन भी कम किया गया था। यह पहला मौका था जब 121 साल से चली आ रही परंपरा में बदलाव हुआ, लेकिन तब भी इसे रोका नहीं गया था।

विदिशा मेले में शहर ही नहीं पूरे जिले सहित अन्य जिलों से भी लोग आते हैं। करीब 25 हजार लोग प्रतिदिन लीलाओं का मंचन देखते हैं और रावण दहन के दिन करीब 1 लाख लोगों की भीड़ मेले में पहुंचती हैं। इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाता है और सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाती है। रामलीला के लिए पात्रों का चयन भी किया जा चुका है।

विदिशा की ऐतिहासिक रामबारात भी कई जिलों में मशहूर हो चुकी है। भगवान राम के दर्शनों के लिए बाजार में लोग और श्रद्धालु महिलाएं घंटों तक इंतजार करतीं हैं। इस बार 125 साल पूरे होने पर मेले को और भी भव्य रूप देने का प्रयास रामलीला मेला समिति द्वारा किया जा रहा है। मेला समिति इस बात पर मंथन कर रही है कि किस तरीके से 125वें वर्ष को यादगार बनाया जा सके।

### दुकानों का आवंटन

रामलीला मेले में दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को दुकानें आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है। 31 दिसंबर तक पुराने दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जाएंगी। यह वह दुकानदार हैं जो प्रतिवर्ष मेले में दुकानें लगाते हैं। इसके बाद नए व्यापारियों को दुकानें आवंटित की जाएंगी। मेले में करीब 300 व्यापारी दुकानें लगाते हैं। 14 जनवरी से शुरू होने वाला विदिशा का ऐतिहासिक मेला 20 फरवरी तक चलेगा। 1901 में मेले की शुरूआत की गई थी। इस साल 125 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

---

### जनजातीय ग्रामों को मिलेंगे गैस कनेक्शन

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय ग्रामों में पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अभियान के दौरान परिवार विभाजन के कारण गैस कनेक्शन से वंचित परिवारों के लिए नए गैस कनेक्शन हेतु आवेदन भरे गए। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि पहले एक परिवार के नाम पर कनेक्शन होने से अलग हुए परिवार लाभ से वंचित थे। सर्वे के बाद पात्र हितग्राहियों को पीएम उज्ज्वला योजना अंतर्गत नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया

**विदिशा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विदिशा उद्यम सखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका समापन 29 दिसंबर को होगा। वहीं ब्लॉक सिरोंज में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें 35 पुरुष हितग्राही प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का समापन 20 जनवरी को किया जाएगा। इसके अलावा श्री गोपाल गौशाला, मेहलुआ चौराहा पर 70 युवतियों को गोबर से निर्मित उत्पादों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, जिसका शनिवार को समापन हुआ।

---

## प्रशासन हरकत में आया, कार्रवाई में अवैध रेत की दो ट्रालियां जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

**खबर का असर**

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आता नजर आया। नटेरन तहसीलदार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही रेत से भरी दो ट्रालियों को जब्त किया है।

सूत्रों के अनुसार नटेरन तहसील क्षेत्र में लंबे समय से बेखौफ होकर अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था। दिनदहाड़े सड़कों पर दौड़ती रेत से भरी ट्रालियां प्रशासनिक उदासीनता की खुली तस्वीर पेश कर रही थीं। लेकिन जैसे ही यह मामला सार्वजनिक हुआ, प्रशासन को कार्रवाई के लिए मैदान में उतरना पड़ा।

कार्रवाई के दौरान रेत से भरी दोनों ट्रालियों को जब्त कर नटेरन थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध माइनिंग एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रेत से भरी ट्रालियां रास्ते में परिवहन के दौरान पकड़ी गईं, जिनके पास किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे



**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को विदिशा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। चौहान दोपहर 12 बजे विदिशा में सांसद कप क्रिकेट, कबड्डी के फाइनल में शामिल होने जैन कॉलेज पहुंचेंगे। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच विदिशा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव हाल्ट का शुभांरभ करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद रेलवे स्टेशन से शाम 4.10 बजे प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 5.30 बजे बासौदा विधायक हरिसिंह के घर पहुंचेंगे।

---

### छात्रावासों में अंग्रेजी अध्ययन को बढ़ावा, विशेष पेपर कराने के निर्देश

**विदिशा।** विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा छात्रावासों में अंग्रेजी विषय के अध्ययन को मजबूत करने की पहल की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के समस्त छात्रावासों में अंग्रेजी विषय का विशेष पेपर प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के तहत छात्रावासों में नियमित अंग्रेजी अध्ययन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें व्याकरण, पठन-पाठन, लेखन, संवाद कौशल तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी अंग्रेजी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यकता अनुसार योग्य शिक्षकों की व्यवस्था, अध्ययन सामग्री की उपलब्धता एवं समय-सारणी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी ज्ञान उच्च शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस पहल से विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। संबंधित विभागों को शीघ्र क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

### कथा में रुक्मिणी कृष्ण विवाह प्रसंग का वर्णन किया




**विदिशा।** परिणय गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित रवि कृष्ण शास्त्री ने रुक्मिणी कृष्ण विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी मन, वचन और कर्म से श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं, किंतु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया। रुक्मिणी ने ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजा। विवाह के दिन देवी मंदिर से श्रीकृष्ण उनका हरण कर द्वारका ले गए और शत्रुओं को पराजित किया। यह प्रसंग सच्चे प्रेम, नारी की स्वतंत्र इच्छा और ईश्वर-भक्ति की विजय का प्रतीक है।

### राजस्व वसूली में लापरवाही नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण एवं राजस्व वसूली से जुड़े कार्यों को प्रतिदिन गंभीरता और समयबद्धता के साथ किए जाने के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता नें दिए हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए और लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए। भूमि राजस्व, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, कर एवं अन्य मदों में वसूली के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन पूर्ण किया जाए। अधिकारियों को फील्ड स्तर पर नियमित भ्रमण कर कार्यों की वास्तविक प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा नियमित अनुश्रवण के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता और जनसंतोष बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### पुलिस ने 72 घंटे में किया चोरी का खुलासा

**विदिशा।** आनंदपुर पुलिस ने चोरी की एक घटना का 72 घंटे के भीतर खुलासा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 23 दिसंबर की है, जब फरियादी अंकित साहू की दुकान से तीन अज्ञात आरोपियों ने नगद राशि से भरा माइक्रोन कंपनी का थैला चोरी कर लिया। भागते समय एक आरोपी ने फरियादी पर मिर्च पाउडर फेंक दिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व पूछताछ के आधार पर प्रदीप अहिरवार एवं रोशन अहिरवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 30 हजार नगद एवं घटना में प्रयुक्त थैला बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

---

## 550 छात्राओं ने तैयार किए शिक्षण मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 550 छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न विषयों से संबंधित स्वयं तैयार किए गए टीएलएम मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा, पर्यावरण अध्ययन, तकनीकी शिक्षा एवं जीवनोपयोगी कौशल से जुड़े चार्ट, स्थिर एवं कार्यशील मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं ने इन मॉडलों के माध्यम से जटिल संकल्पनाओं, प्रक्रियाओं एवं सिद्धांतों को सरल और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता, तार्किक सोच, आत्मविश्वास, सहयोग और प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास करना रहा। शिक्षकों ने निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने बताया कि जब विद्यार्थी स्वयं टीएलएम का निर्माण करते हैं, तो विषय की गहरी और स्थायी समझ विकसित होती है।

### आश्रम शाला की 50 बालिकाओं को इनर दीं

**विदिशा।** समाजसेवी बल किशन प्रजापति द्वारा विमुक्त जाति कन्या आश्रम शाला लटेरी की 50 बालिकाओं को आवश्यकता अनुसार इनर का वितरण किया गया। इस अवसर पर बल किशन प्रजापति ने कहा कि बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास न केवल बालिकाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखते हैं, बल्कि उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करते हैं। आश्रम शाला के स्टाफ एवं शिक्षकों ने इस सहयोग के लिए श्री प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से बालिकाओं को संबल मिलता है।

## घने कोहरे में भी जारी रहा रंगई पुल पर श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय संगठन भारतीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत (इंटेक) के विदिशा चेप्टर द्वारा रंगई स्थित बेतवा नदी के पुराने पुल पर श्रमदान का क्रम निरंतर जारी है।

इसी कड़ी में विगत 6 दिसंबर से चल रहे साप्ताहिक श्रमदान के तहत चौथे शनिवार को घने कोहरे के बीच शहर के जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इंटेक विदिशा चेप्टर के सदस्य अतुल शाह ने बताया कि मां बेतवा की गोद में बने इस ऐतिहासिक पुल को संरक्षित कर इसे शहरवासियों के लिए एक आकर्षक और सुंदर स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि यह एक बेहतर पर्यटन स्थल एवं सेल्फी प्वाइंट बन सके। श्रमदान में प्रमोद व्यास, इस्माइल खान, अजय श्रीवास्तव, अरशद वारसी, संजू प्रजापति, राजेश नडीवाल, राजकुमार अग्रवाल, राकेश कुशवाह, बसंत कुशवाह, टीकाराम जी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी इंटेक जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने दी।

---

मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया पोर्टल

## एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल एप से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे शासकीय सेवाएं

**बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी**

### नागरिक आसानी से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राज्य शासन की डिजिटल पहल के अंतर्गत एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से अब नागरिकों को शासकीय विभागों की सेवाएं घर बैठे ही एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अभिनव और एकीकृत नागरिक सेवा मंच का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया था। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को अलग-अलग विभागीय वेबसाइट पर लॉगइन करने अथवा बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक वेबसाइट एवं मोबाइल एप के जरिए सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, अपनी पात्रता की जांच कर सकेंगे तथा आवेदन की स्थिति (स्टेटस) भी आसानी से देख सकेंगे। मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा विकसित इस पोर्टल पर सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाएंगी। पोर्टल पर लॉगइन करने के लिए नागरिकों को अपना प्रोफाइल पंजीयन करना आवश्यक होगा। सभी सेवाएं आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र के माध्यम से सुरक्षित रहेंगी।

एमपी ई-सेवा पोर्टल का 'समग्र पोर्टल' के साथ एकीकरण किया गया है। समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 8 अंकों की परिवार आईडी एवं प्रत्येक सदस्य को 9 अंकों की सदस्य आईडी प्रदान की गई है। इस एकीकरण से नागरिकों की ऑटो-वेरिफिकेशन प्रक्रिया संभव हो पाई है, जिससे पात्रता स्वतः सुनिश्चित होती है और अनावश्यक विलंब व दोहराव समाप्त होता है। पोर्टल की एक प्रमुख विशेषता ऑटो-फेचिंग डॉक्युमेंट्स है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज अपलोड नहीं करने पड़ते। एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज आगे की सभी सेवाओं में स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल का इंटरफेस मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित है, जो इसे उपयोग में सरल, सुरक्षित एवं नागरिक-केंद्रित बनाता है। साथ ही, इसमें बहुभाषीय सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक आसानी से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें। यह पोर्टल राज्य शासन की डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पारदर्शिता, सुगमता और त्वरित सेवा वितरण को सुनिश्चित करेगा।

## अस्पताल में बेबी किट बांटी



**विदिशा।** जिला अस्पताल के प्रसुति विभाग में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत नवजात बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना, कन्या शिशु के जन्म को बढ़ावा देना एवं कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम को लेकर समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं सरोज मुकेश टंडन उपस्थित रहीं। अतिथियों ने नवप्रसूता माताओं को स्वयं बेबी किट वितरित कर कन्या जन्म पर बधाई दीं। गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि बेटी समाज की अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि बेबी किट वितरण से समाज में बेटी के जन्म के प्रति सकारात्मक संदेश जाता है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री का नगर आगमन आज



**गंजबासौदा।** रविवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का शाम के समय नगर आगमन हो रहा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री विधायक हरिसिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचेगें, जहां उनकी स्वर्गीय माताजी कमला देवी रघुवंशी के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं प्रकट करेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि विधायक हरिसिंह रघुवंशी की माता के निधन के बाद गत दिवस जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने भी नगर में आकर उनके निवास पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित की थीं।

### जंगली सूअर के हमले से बालिका की मौत




**गंजबासौदा।** शनिवार को ग्राम आकाडोंड़ा में जंगली सूअर के हमले से 7 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाडोंडा पंचायत निवासी हरि सिंह का घर गांव से दूर जंगल की सीमा के पास स्थित है। उनकी बेटी किरण घर के बाहर खेल रही थी। घटना के समय पिता मजदूरी करने गए हुए थे, जबकि मां घर में अकेली थी। तभी अचानक जंगल की ओर से आए जंगली सूअर ने बच्ची पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में बाइक से बालिका को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालिका की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए चिकित्सकों ने विदिशा रेफर कर दिया गया। विदिशा ले जाते समय रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# हत्याकांड के पांच दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




गीता टॉकीज के पास हुये हत्याकांड के दोषियों को न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। शनिवार को न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा हत्या के मामले में आरोपीगण शीनू उर्फ शरद दुबे, आयु 21 वर्ष निवासी दादजी प्लाजा वाली गली वार्ड नंबर 5 बरेठ रोड, . सौरभ रघुवंशी आयु 30 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 5 गीता टॉकीज वाली गली, विशाल गौड़ आयु 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 5, वर्तमान पता नाथू बरखेड़ा, रातीबढ़, भोपाल, चंद्रप्रकाश रैकवार आयु 24 वर्ष, निवासी वार्ड कमांक 13, एकता चौक को धारा 147 भादंवि में 6 माह के सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 148 भादंवि में 01 वर्ष के सश्रम कारयास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 302 सहपठित धारा 149 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 25 (1-बी) (बी) आयुध अधिनियम में 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामला इस प्रकार था कि फरियादी नीलम रघुवंशी ने दिनांक 14.04.2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह आरा मशीन वाली गली, गीता टॉकीज के पीछे निवास करती है। रात्रि 8:30 बजे अपने पति गौरव रघुवंशी के साथ मोटर साईकिल से बाजार से अपने घर आ रही थी। गीता टॉकीज के पीछे वाली गली शंकर के मंदिर के पास से निकलते हुए जा रहे थे। वहां आरोपीगण शीनू शर्मा, सौरभ रघुवंशी, विशाल, समीर, चंद्र उर्फ चंदप्रकाश वहां पर चिल्लाचोंट कर रहे थे, तो पति गौरव ने मोटर साईकिल रोककर उन्हें चिल्लाचोंट करने से मना किया। तब सभी आरोपीगण ने गौरव को घेर लिया और आरोपी शीनू शर्मा ने चाकू से गौरव को पीठ और सीने में कई बार किए और आरोपीगण सौरभ रघुवंशी, विशाल, समीर ने चाकू से मारपीट की। मौके पर जितेन्द्र, दौलत सिंह, सुरेन्द्र और आसपास के लोग आ गये। जिन्होंने बीच-बचाव किया, सभी आरोपीगण उसके पति गौरव के साथ मारपीट करके भाग गये। वह अपने ससुर दौलत सिंह एवं जेठ जितेन्द्र के साथ ऑटो बुलाकर घायल पति गौरव को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर रहे थे, तभी गौरव मृत्यु हो गई। चिकित्सक द्वारा थाना प्रभारी तहरीर प्रेषित की गई। जिस पर धारा 174 दंप्रसं तैयार किया गया तथा फरियादी की रिपोर्ट पर शहर थाना में धारा 147, 148, 149 एवं 302 भादंवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण में अनुसंधान प्रारंभ किया गया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किये गये। तत्पश्चात विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के पश्चात दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुये, जिसमें अपर लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजपूत के तर्कों से तथा प्रकरण में आए साक्ष्य से सहमत होकर न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, द्वारा सजा सुनाई गई। उक्त जानकारी शासकीय अभिभाषक सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा दी गई।

## मुस्लिम मंच ने 24 वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने अपना 24वां स्थापना दिवस ऐसे दौर में मनाया, जब देश और दुनिया सामाजिक, धार्मिक और मानवीय चुनौतियों से गुजर रही है। इस मौके पर मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। देश के अलग-अलग हिस्सों से कार्यकर्ता ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से इस बैठक से जुड़े। बैठक की जानकारी देते हुऐ गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक नहीं था, बल्कि आत्ममंथन, खुली चर्चा और भविष्य के संकल्पों का मंच बना, जहां देश के मुद्दों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हालात तक पर गंभीर लेकिन मानवीय ढंग से बातचीत हुई। बैठक का एक बेहद संवेदनशील मुद्दा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर हो रही हिंसा रहा। मंच ने इस पर गहरी चिंता और दुख जताया और इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि भारत सरकार से आग्रह किया जाएगा कि वह राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर ठोस कदम उठाए, ताकि बांग्लादेश सरकार पर दबाव बने और वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मंच का कहना था कि धर्म के नाम पर की जाने वाली हिंसा किसी एक देश या समुदाय को नहीं, बल्कि पूरी मानवता को कमजोर करती है।

### खनिज अमले ने मौके से पकड़ी बोट, मशीन, डंपर और रेत

# बेतवा नदी के देवली घाट पर रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। नदी से रेत निकालने लगी पनडुब्बी बोट



गंजबासौदा। मौके पर मौजूद रेत उत्खनन की सामग्री


नगर के पास स्थित ग्राम देवली में बेतवा नदी के घाट से बडे पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जाता है। इस बार भी अवैध उत्खननकर्ता इस घाट से लगातार बडे पैमाने पर रेत का उत्खनन कर उसका परिवहन कर रहे थे। इसकी जानकारी खनिज विभाग को मिलने पर शनिवार को खनिज विभाग के अधिकारियों ने देवली पहुंचकर रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की। जिसमें मशीनों सहित उत्खनित रेत जब्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवली घाट रेत के उत्खनन के लिए काफी प्रसिद्ध है। क्योंकि इस गांव के एक ओर गंजबासौदा तहसील का क्षेत्र है तो दूसरी ओर कुरवाई तहसील का क्षेत्र लग जाता है। रेत के अवैध उत्खनन में लगे लोग इस स्थिति का फायदा उठाते हैं और खनिज एवं प्रशासनिक अधिकारियों को चकमा देते हुए रेत का उत्खनन करते रहते हैं। इस बार भी खनिज विभाग की जानकारी के बिना देवली घाट से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। गत दिवस इसी रेत खदान से रेत भरकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी।

इस घटना के बाद इस घाट से रेत का अवैध उत्खनन होने की जानकारी सार्वजनिक हुई। जिसके बाद शनिवार को खनिज विभाग के निरीक्षक राजीव कदम के नेतृत्व में टीम ने छापामार कार्रवाई की। बताया जाता है कि खनिज विभाग की टीम ने मौके से रेत उत्खनन में लगी पनडुब्बी बोट, एक मशीन, डंपर सहित दर्जनों ट्राली उत्खनित रेत जब्त की है, लेकिन इस पूरी कार्रवाई की जानकारी खनिज अमला देने से बचता रहा। इस संबंध में खनिज निरीक्षक राजीव कदम को कई बार फोन लगाए गए, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किए। जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि जांच टीम निरीक्षक राजीव कदम के नेतृत्व में गई है वे ही जानकारी दे सकेंगे।

## ग्यारह करोड़ राम राम लिखी पुस्तकें जमा करने रघुवंशी आज होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



श्रीराम नाम बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी श्रीराम लेखन पुस्तके लेकर अयोध्या जा रहे हैं। जिनके पास राम राम लिखी पुस्तके रखी हैं, वह 11 बजे तक राम नाम बैंक गिरिराज परिसर पर पहुँचा सकते हैं। रघुनाथ सिंह रघुवंशी ने बताया कि ग्यारह करोड़ राम राम लिखी हुई पुस्तकें जमा करने रविवार को बिलासपुर एक्सप्रेस से बीना तक जायेंगे और वंहा से अयोध्या को साबरमति से सीधी अयोध्या 29 दिसम्बर को पहुंचेगे। वहां पर वाल्मिक भवन में अन्तराष्ट्रीय बैंक में जमा होगी। महामंडलेश नित्य गोपाल दास के द्वारा जमा करायेंगे। साथ में अमर सिंह रघुवंशी जा रहे हैं। इस प्रकार अयोध्या बैंक में 1 अरब राम राम लिखी हुई पुस्तकें जमा हो जायेंगी और गिरिराज परिसर पर 65 करोड़ राम राम नाम लिखा रखा है। वह राम राम बैंक बासौदा की शाखा में पुस्तकें भरी रखी हैं जो कि 1 अरब होने पर अन्तर्राष्ट्रीय बैंक अयोध्या दो अरब होने पर जमा करायेंगे। बैंक संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी के अनुसार यह वट वृक्ष बहुत तेजी से फल फूल रहा है।

### श्रमदान दल का सफाई अभियान आज

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवम जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान रविवार को सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक रिपटा घाट पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से जुड़कर नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

### बाइक पर रखे बोरे से टकराकर पल्सर हुई अनियंत्रित

**गंजबासौदा।** शनिवार को दोपहर के समय हतौड़ा के पास डीलक्स बाइक क्रमांक यूपी 94पी 0709 का चालक अपनी बाइक पर चापड़ का बोरा लेकर जा रहा था तथा बाइक के दोनों ओर दूध के ढबरे टंगे हुए थे। सड़क से गुजरने के दौरान एक पल्सर बाइक चालक का हेंडिल चापड़ के बोरे से टकरा गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। दुर्घटना इतनी तेज थी कि पल्सर बाइक का अगला पहिया टूटकर दूर जा गिरा। यह संयोग रहा कि पल्सर बाइक वहां से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आने से बच गई।



## शिविर में स्काउट गाइड्स को किया सम्मानित व पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




ग्राम आजाद नगर में लगे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की शुरुआत प्रभात फेरी प्रार्थना और योग के साथ हुई। परियोजना कार्य के दौरान आवास स्थल का निर्माण परिसर का निर्माण पेड़ पौधों की सफाई और सोख्ता गड्ढे का निर्माण स्वयं सेवकों के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के साथ संयुक्त कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र किया। शिविर के बौद्धिक सत्र में जिले भर के स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने जो राष्ट्रीय जंबूरी शिविर लखनऊ में सहभागिता कर चुके थे विद्यार्थियों को शिविर में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्काउट एवं गाइड वरिष्ठ मास्टर विशाल सिंह भदोरिया के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्काउट मास्टर दिव्या राठौर, रेखा शर्मा, हनीफ खान, आशीष मिश्रा, फरहद उन्नीसा खान, नवांकुर स्काउट मास्टर भागीरथ शर्मा और डॉल्फिन स्काउट मास्टर संदीप जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण रासेयो सहायक प्रभारी विनय सोनी द्वारा दिया गया।

स्वयंसेवक हर्षित दीक्षित और आन्या सैनी ने कार्यक्रम में संचालक के रूप में भूमिका निभाई। स्वयं सेविका स्नेहा रघुवंशी और उनके समूह ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। वही स्वयं सेविका शर्मा ने स्काउट और गाइड के संबंध में एक कविता प्रस्तुत की और कनक शर्मा ने गुजराती नृत्य का मंचन किया। नवांकुर विद्यालय प्राचार्य के द्वारा रासेयो और स्काउट की उपलब्धियां और उपयोगिताओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार पत्र एवं सम्मान पुरस्कार सौंपकर आभार व्यक्त किया गया।

जिलेभर से स्काउट एवं गाइड के लगभग 35 स्वयंसेवकों ने शिविर में सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा बालिका इकाई अधिकारी मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संध्या राजपूत, संदीप कुमार रावत, केशव लाहोरी, पहलवान सिंह राजपूत, संजीव कुशवाह, अवधेश कुशवाह, शिवम पाठक, राहुल कुशवाह आदि उपस्थित रहे। शिविर के दिवस का समापन संध्याकालीन मॉक ड्रिल और राष्ट्रीय सेवा योजना खेलों के साथ हुआ। रात्रि कालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सामाजिक समरसता हमारे धर्म, संस्कृति और भारतीय दर्शन का मूल सार : विधायक भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्रद्धेय गुरु नानक देव जी द्वारा आरंभ की गई लंगर और पंगत परंपरा सामाजिक समरसता का प्रमाण हैं। यही पद्धति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में है जहां किसी से जाति, धर्म,पंथ नहीं पूछा जाता। सामाजिक समरसता हमारे धर्म, संस्कृति और भारतीय दर्शन का मूल है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता की नींव सत्य और बलिदान पर टिकी होती है। श्रद्धेय गुरु गोविंद सिंह जी के 4 पुत्रों ने हमारे देश,धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। दो बड़े पुत्र मुगलों से लड़ते हुए चमकोर के युद्ध में शहीद हुए। उनके दो बेटों जोरावर सिंह और फतह सिंह की उम्र तब 9 और 7 साल थी जब मुगलों ने इस्लाम स्वीकार करने से इंकार करने पर जीवित दीवार में चुनवा दिया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि जब इन वीर बालकों से मुगल सेनापति वजीर खां ने इन बच्चों को मौत से डराया तो बच्चों ने कहा कि यह दीवार हमारी मृत्यु का नहीं तुम्हारे जुल्म के अंत का स्मारक बनेगी।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि देश और संस्कृति के लिए ऐसी शहादत देने वाले बच्चों के बलिदान दिवस को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने वीर बाल दिवस के रूप में देश भर में मनाने की पहल की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से राष्ट्र में पुनर्जागरण के साथ हिंदुत्व, संस्कृति और राष्ट्र के संरक्षण संवर्धन का महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मानता है कि कोई भी राष्ट्र तभी मजबूत हो सकता है जब उसे राष्ट्र के में सामाजिक समरसता हो। हमारे सिख समाज में आज भी लंगर चलता है वहां सामाजिक समरसता देखने मिलती है। भारतीय संस्कृति में कभी जाति प्रथा को महत्व नहीं दिया गया। जाति, धर्म ,पंथ को बढ़ावा भारत को गुलाम बनाने वाले विदेशी आक्रांताओं ने दिया।

### संगीतमय श्रीराम कथा में अनेक संत, महात्माओं ने की शिरकत

# संगीतमय श्रीराम कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब



गंजबासौदा। श्रीराम कथा का वाचन करते श्रीमहंत राममनोहर दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जहाँ सरयू की पावन धारा बहती है, जो संतों की तपस्या से भूमि पवित्र हुई है और जहाँ हर श्वांस में जय श्रीराम की गूंज है, वह श्रीराम जन्मभूमि श्रीधाम अयोध्या स्वयं में ही राममय है। किंतु इस राममयता में जब नगर की आस्था, समर्पण, श्रद्धा के साथ भक्ति और सेवा का भाव जुड़ा, तो भक्ति की ज्योति और भी प्रखर हो उठी। संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा किया गया। गंज बासौदा के बांके बिहारी राधा रानी मंडल द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में करुणानिधान भवन में आयोजित आयोजित हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ने केवल अयोध्या के ही नहीं बल्कि आयोजन में नगर सहित आसपास के अन्य जिलों, प्रदेशों से श्रद्धालुगण शामिल हुए। कथा का आयोजन नगर के श्रीबांके बिहारी राधा रानी भक्त मंडल के जगदीश विभा, सतीश रेणुका सुहाने, अंकुर और सजल सुहाने परिवार द्वारा किया गया था जो कि 17 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 दिसंबर को चुनरी यात्रा और संतों के विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस श्रृंगार सामग्री के साथ अयोध्या में निकाली गई 151 फीट चुनरी यात्रा भक्ति की पराकाष्ठा बन गई। रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज, बद्रीनाथ बद्रीका आश्रम के तपस्वी गोविंद महाराज, राम सखी मंदिर गोलाघाट के महंत जनकदुलारी शरण दास महाराज, रामायण के प्रखर विद्वान मानस अगस्त महाराज रामायणी, लक्ष्मण किला हनुमत निवास के मिथिलेशनंद शरण महाराज, रामकुंज कथा मंडप के सत्यनारायण दास महाराज, करुणा निधान भवन के महंत परमहंस रामदास महाराज, अधिकारी रामनारायण दास महाराज, रामस्वरूप त्यागी, हनुमागढी के पुजारी नागा सुमित, कनक भवन के प्रधान पुजारी, लाल साहब मंदिर के महंत, वृंदावन से पधारीं गुरु मां सहित अयोध्या के कई संतों ने अपनी उपस्थिति से दिव्यता और भव्यता प्रदान की।

## प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़े




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को एलबीएस कॉलेज सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मास्टर ट्रेनर्स, BLO सुपरवाइजर तथा BLO की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसआईआर से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष बिटोलिया ने कहा कि सभी BLO आगामी 22 जनवरी तक अपने मतदान केंद्रों पर बैठकर पात्र नागरिकों व 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम फॉर्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 ऑनलाइन तथा ऑफलाइन भरकर जोड़ें और दस्तावेजों का सत्यापन करें। जो मतदाता 2003 की जानकारी नहीं दे पाए थे, उन्हें नोटिस जारी होगा। निर्धारित समय व स्थान पर मतदाता उपस्थित होकर अपने मूल निवास तथा जन्म तारीख के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने सभी से व्यवहार में शालीनता और विनम्रता रखने एवं शुद्ध मतदाता सूची के निर्माण में जुट जाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि SIR अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाना है। 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, मास्टर ट्रेनर अभय कुमार शर्मा, अजय शर्मा, संजीव टंडन, प्रमोद भास्कर, संदेश मिश्रा, चंद्रमोहन राय, शिवराज सूर्यवंशी, प्रदीप चौरसिया, संजय अहिरवार, योगेश चतुर्वेदी, देवेंद्र शर्मा, अंजू कुमार जैन, रितेंद्र कुमार मौजूद थे।

### देर तक बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंज बासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के अलग अलग वार्डों में प्रतिदिन घण्टों तक बिजली कटौती की जा रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पचमा बायपास मार्ग पर सुबह से लेकर रात्रि तक कई बार बिजली प्रदाय बंद रहा एवं वॉल्टेज कम ज्यादा होता रहा। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं के घरों की एलईडी और विद्युत उपकरण खराब हो गए। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को सर्दी के मौसम में अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों के विद्युत वितरण कंपनी से नगर में की जा रही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। जिससे लोगों को परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस करेगी ध्वजारोहण

**सागर।** कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर दिन रविवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में सुबह 9 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तत्पश्चात सुबह 10.30 बजे शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम राजीव गांधी भवन, जिला शहर कांग्रेस कार्यालय, तीनबत्ती पर संपन्न होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम पूर्व पार्षद राकेश राय के करकमलों से संपन्न होगा। ध्वजवंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे आप सभी कांग्रेस परिजनों से अपील करते है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दे।

### आज लगेगा दूसरा जैविक/ प्राकृतिक हाट बाज़ार

**सागर।** जिला प्रशासन सागर एवं कृषि विभाग व आत्मा परियोजना सागर की पहल पर शुरू किए गए जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार ने अपने पहले ही आयोजन में जिले में नई मिसाल कायम की है। नागरिकों और किसानों से मिले उत्साहजनक प्रतिसाद के बाद इसका दूसरा साप्ताहिक आयोजन रविवार, 28 दिसंबर को पीटीसी ग्राउंड, पीली कोठी, पहलवान बब्बा मंदिर के समीप आयोजित किया जाएगा। गत रविवार 21 दिसंबर को आयोजित पहले हाट बाजार में बड़ी संख्या में जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद लेकर पहुंचे थे। वहीं, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं ने सीधे किसानों से खाद्य सामग्री खरीदी। लोगों ने इस व्यवस्था को पारदर्शी, भरोसेमंद और उपभोक्ता हितैषी बताया। इस हाट बाजार के माध्यम से किसानों को पहली बार ऐसा मंच मिला है, जहां वे अपनी उपज का मूल्य स्वयं तय कर पा रहे हैं।

संत सुधा सागर इंटरनेशनल स्कूल में अंडर-14 लेवल इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप समापन

# संत सुधा सागर का आशीर्वाद और चरण जहां पड़ जाएं वहां की मिट्टी भी होती है सोना: राजीव जैन सैनानी








हरिभूमि न्यूज >> सिरोंज

नगर के आरोन रोड स्थित संत सुधा सागर इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में प्रथम बार अंडर-14 लेवल इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के अधिमान्य पत्रकार एंव आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ जैन गुलाबगंज विशेष रूप से उपस्थित रहें।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि जिस गुरू के नाम से यह स्कूल संचालित है उक्त स्कूल से निलकी हुई प्रतिभाएं एक दिन पूरे देश में सिरोंज जैसे छोटे से शहर का नाम रौशन करेगी। राष्ट्रीय संत मुनि श्री सुधा सागर महाराज का जहा आर्शीवाद व उनके चरण पड जाए उक्त जगह की मिट्टी भी सोना बना जाती है। वही उक्त स्कूल से निकलने वाला प्रत्येक विघार्थी भी सोना ही बनकर दुनिया के सामने आता है। नगर में प्रथम आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में इतने रोमांचक मुकाबले हुए। जो कि वास्तव में सराहनीय है कुछ खिलाडी तो इतनी अच्छी प्रतिभा के धनी है यदि उन्हे थोडा सा सहारा मिल जाए तो वह इस किक्रेट की दुनिया में अपना व सिरोंज का नाम रौशन कर सकते है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस प्रतिभाओं को उभारने का कार्य संत सुधा सागर स्कूल जरूर करेगा।

**फुटबॉल,क्रिकेट हमें टीम वर्क का महत्व सिखाते हैं** - इस अवसर पर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में खेलों का महत्व कम नहीं आंका जा सकता। ये जीवन के सभी पाठों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के समान हैं और विभिन्न तरीकों से व्यक्ति के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फुटबॉल और क्रिकेट जैसे टीम खेल हमें टीम वर्क का महत्व सिखाते हैं और यह भी कि किसी बड़ी उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। खेलों के माध्यम से हम अनुशासन, कड़ी मेहनत और लगन का महत्व भी सीखते हैं। ये हमें सिखाते हैं कि सफलता मुफ्त में नहीं मिलती, बल्कि समर्पण और प्रयास से अर्जित की जाती है। टीम वर्क, अनुशासन और प्रयासों के अलावा, खेलों के स्वास्थ्य लाभ व्यक्ति के जीवन पर सबसे अधिक प्रभाव डालते हैं।

### दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलो में एक क्रिकेट

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ जैन गुलाबगंज ने कहा कि क्रिकेट दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और इसे प्रतिदिन एक अरब से अधिक लोग खेलते हैं। मनोरंजन का साधन होने के साथ-साथ यह स्वस्थ और चुस्त रहने का भी एक तरीका है। क्रिकेट से खिलाड़ी को जो जीवन के सबक सीखने को मिलते हैं, उन्हें मैदान पर जीवन का अनुभव कहना एक लाक्षणिक अर्थ है।

### टीमो ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में सिरोंज नगर में पहली बार आयोजित अंडर-14 लेवल इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन संत सुधा सागर इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में विद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपया एवं ट्रॉफी पैराडाइज हिल टाउनशिप द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 11 हजार अंजल फैमिली रेस्टोरेंट द्वारा प्रदान किया गया।

# वीर बाल दिवस पर सिरोंज गुरुद्वारे में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**सिरोंज।** विगत दिवस वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर रावजी पथ स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकान्त शर्मा गुरुद्वारे में पहुँचकर मत्था टेकने के पश्चात अरदास में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकान्त शर्मा ने चारों साहिबजादों के अद्वितीय साहस, वीरता एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि साहिबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर गुरुद्वारे की प्रमुख सेवादार श्रीमती ह्लक्षिमा हीरानी जीह्ल के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने वीर बालकों के त्याग और धर्म, राष्ट्र व मानवता के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। इस अवसर मनीष बलेजा, अजीत हिमथानी, तोषमणि पंथी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस आज

**सिरोंज।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगर के शालीमार गार्डन में आज एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव व नगर अध्यक्ष सैफी गौरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी,जिला कांग्रेस,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,एनएसयूआई अनुसूचित जाति मोर्चा,किसान कांग्रेस,अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित समस्त बीएलए को स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर स्थल निरीक्षण किया

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत (आईएएस)ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं मेघ तिवारी, प्रभारी संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग की उपस्थिति में नगर निगम सागर सहित जिले की नगरीय निकायों की बैठक लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 25-26 की टूल किट के तहत कार्यों को करने के निर्देश दिए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी एवं बीएलसी घटक के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कनेरादेव में बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि कनेरादेव में प्रधानमंत्री आवास योजना ए एच पी घटक के अंतर्गत 1260 आवासों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें से 576 आवासों का निर्माण किया जा चुका है शेष 684 आवासों का कार्य प्रगति पर है। पूर्ण किए गए 576 आवास हितग्राहियों को आवंटित किए जा चुके हैं, शेष आवासों का कार्य पूर्ण होने के बाद हितग्राहियों को आवंटन की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। अपर आयुक्त ने कनेरादेव में बनाए जा रहे आवासों का कार्य गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने रहवासियों से चर्चा भी की। निगमायुक्त ने बताया कि अपर आयुक्त गेमावत ने मसवासी ग्रंट स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण कर कचरा प्रसंस्करण इकाई में कचरा से खाद बनाए जाने का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने सीवर प्रोजेक्ट के पथरिया हाट स्थित एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर सीवर लाइन के गंदे पानी से पानी के शुद्धिकरण प्रक्रिया का अवलोकन किया।

## रहली महोत्सव : बॉलीवुड सिंगर दीया घोष की गायकी का चला जादू, झूम उठे हजारों श्रोता

**रहली।** नगर पालिका परिषद रहली द्वारा आयोजित 'रहली महोत्सव' के दूसरे दिन सुरों और ताल का ऐसा संगम हुआ कि कड़ाके की ठंड के बावजूद उत्साह का पारा सातवें आसमान पर रहा। अटल सेतु पर आयोजित इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की मशहूर पार्श्व गायिका दीया घोष की प्रस्तुति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। महोत्सव के दूसरे दिन दीया घोष को सुनने के लिए रहली और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। आलम यह था कि कार्यक्रम स्थल से लेकर प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर तक पैर रखने की जगह नहीं बची थी। खचाखच भरे माहौल में श्रोताओं ने दीया घोष के गीतों पर जमकर नृत्य किया और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। मुख्य गायिका की प्रस्तुति के बीच-बीच में आर्केस्ट्रा और विभिन्न डांस कलाकारों ने अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया। मंच पर लाइट और साउंड के बेहतरीन समन्वय ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव (दीपू भैया) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने की।

## श्री लाल शुक्ल जनशताब्दी वर्ष पर प्रलेस द्वारा गोष्ठी आयोजित हुई

**सागर।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर के द्वारा उपन्यासकार श्री लाल शुक्ल के जन्म शताब्दी वर्ष पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में डॉक्टर नम्रता फुसकेले ने राग दरबारी पर अपना आलेख वाचन करते हुए कहा की राग दरबारी में खास बात यह है कि इसमें कथा कम और माहौल ज्यादा महसूस होता है । इस उपन्यास के दो महत्वपूर्ण पात्र वैद्य और रघुनाथ है। दोनों पात्र अलग-अलग विचारधारा के टकराव को दर्शाते है। चर्चा में पी आर मलैया, टी आर त्रिपाठी, कैलाश तिवारी विकल, पेट्रिस फुसकेले ने भाग लिया। गोष्ठी के द्वितीय चरण में रचना पाठ हुआ । कवि के एल कर्वल, एम शरीफ ,ममता भूरिया, परमानंद आनंद, पेट्रिस फुसकेले,डॉक्टर अनिल जैन, हरगोविंद विश्व ,अमित आठिया, वीरेंद्र प्रधान, सुमन झुड़ेले, डॉक्टर नलिन निर्मल, मुकेश तिवारी, कैलाश तिवारी विकल, पूरन सिंह राजपूत, डॉक्टर गजाधर सागर, वी पी उपाध्याय, टी आर त्रिपाठी, आदर्श दुबे, पी आर मलैया, हिमांशु साहू, देवेन्द्र सिघई ने रचनापाठ किया। रचनाकारों ने कहानी, लघु कथा, कविताएं, दोहा, गजल इत्यादि रचनाएं पढ़ी।

दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज

# नाबालिग 48 घंटे में बरामद, आरोपी सौरभ गिरफ्तार भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज >> >> बरेली

>> नबालिग को युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था।

एक नाबालिक लडक़ी जिसकी आयु लगभग साढे 15 वर्ष को सौरव अहिरवार नामक युवक बहला फुसला कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 65 (1) 62 (2) बीएनएस और धारा 5 (एल) 6 पाक्सो एक्ट 2012 का प्रकरण दर्ज किया घटना की रिपोर्ट के 48 घंटे में पुलिस ने आरोपी सौरभ अहिरवार जो की पशु चिकित्सालय के पास रह रहा था पकड़ा गया और न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

पुलिस द्वारा नाबालिक के गायब भगा ले जाने की घटना पर लगातार तलाशने का प्रयास किया और 48 घंटे में ही नाबालिक को बरामद और आरोपी को पकडऩे में सफलता प्राप्त की पीड़िता नाबालिक ने सौरभ




अहिरवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं

उक्त मामले में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के निर्देशन में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, उप निरीक्षक मनोज धुर्वे, उप निरीक्षक विनीता विश्वकर्मा, सहायक उप निरीक्षक रमेश खंडागृ की सक्रिय भूमिका रही।

# सरल महिला विकास समिति ने गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल




>> लगभग 110 कंबल वितरित किए, कंबल पाकर जरूरतमंदों के खिल उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज >> >> बरेली

सरल महिला विकास समिति ने अपने निर्धारित उद्देश्यों एवं समाज सेवी भावना के तहत गरीबों और जरूरतमंदों को लगभग 110 कंबल वितरित किए कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे उन्होंने समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सरल महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर ने कहा कि भीषण सर्दी पड़ रही है। जरूरतमंदों को अगर सर्दी से राहत मिले तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम कुछ कर सके समाज सेवा एवं गरीबों के प्रति सह्रदय होना हमारा स्वभाव है। समिति संरक्षक अजय नाहर ने अपनी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सब देने वाला ईश्वर है हम मात्र निमित्त हैं हम किसी के काम आ सके यह हमारा सौभाग्य है।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल मानिक लाल नाहर स्कूल के प्राचार्य अरुणेश मिश्रा, मुकेश प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुबोध गुप्ता, गिरजेश नारायण रैकवार, श्रीमती मोनिका राजोरिया ने व्यवस्था की कमान संभाली कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निलेश शर्मा ने किया। सरल महिला विकास समिति के इस समाज सेवी कार्य की नगर एवं क्षेत्र वासियों ने प्रशंसा की है आभार एनपी शेरहा ने व्यक्त किया।

# मां नर्मदा भक्त मंडल का दल परिक्रमा कर दे रहा स्वच्छता का संदेश

<< जल जंगल जमीन बचाना जरूरी नर्मदा की स्वच्छ रहे जलधार

हरिभूमि न्यूज >> >> बरेली

रणछोड़ पाटीदार जिला बड़वानी के नेतृत्व में अखिल भारतीय मां नर्मदा भक्त मंडल का एक दल मां नर्मदा की स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण एवं घाटों की सफाई का संदेश देते हुए परिक्रमा पर निकला है। इस दल का स्वागत नगर के दीनदयाल परिसर में



आचार्य रजनीश द्विवेदी ने किया परिक्रमा दल में परम पूज्य महामंडलेश्वर विमल जी महाराज एवं भक्त मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मानवेंद्र राजपूत एवं साथी नर्मदा के तटीय जिलों में जन जागृति अभियान चलाते हुए लोगों को स्वच्छता के लिए जागृत कर रहे हैं ।

पूज्य विमल दास जी महाराज ने बताया कि यह भक्त मंडल की 16वीं परिक्रमा है, ब्रह्मलीन एवं अखिल भारतीय मां नर्मदा भक्त मंडल के संस्थापक पूज्य उपेंद्र बाबा जी ने इस परिक्रमा को प्रारंभ किया था जो कि प्रतिवर्ष की जाती है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में जन जागृति , स्वच्छता का संकल्प और नर्मदा तटीय क्षेत्रों में बसे भक्तों से जनसंवाद स्थापित करना था। धीरे-धीरे जन जागृति बढ़ी है एवं लोगों में स्वच्छता के प्रति कार्य करने की प्रवृत्ति में काम शुरू किया है।

सरकारें भी इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। हम सभी को मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए एवं प्रदूषण से बचने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण, घाटों की सफाई जल के अंदर मलमूत्र के विसर्जन पर रोक, लगाने जैसे संकल्प लेकर कार्य करने की आवश्यकता है।

एक दिसम्बर को टूटा था पिपरिया पुल पुनः निर्माण प्रक्रिया शुरू

# साढ़े पांच करोड़ से होगा नए पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज >> >> बरेली

एक दिसंबर को बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास बने मछुआई नाले का ठेकेदार द्वारा मरम्मत के दौरान पुल का बीच का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया था।पुल टूटने के बाद डायवर्सन मार्ग बनाकर चार दिनों बाद यातायात शुरू किया गया। डायवर्सन मार्ग की हालत जर्जर और 24 घंटो उड़ती धूल भारी परेशानी का कारण बन रही है।

एमपी आरडीसी ने साढ़े पांच करोड़ का एस्टीमेट बनाकर टूटे पुल के स्थान पर नया पुल बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की पुल के टूटने के बाद शेष बचे हिस्से को डायनामाइट लगाकर ध्वस्त किया गया फिर भी कुछ हिस्सा शेष बना हुआ है।

### 6 माह में बन पाएगा नया पुल

बरेली पिपरिया मार्ग पर 24 घंटे वाहनों का भारी आवागमन होता है इस क्षेत्र और नगर की निवासियों के लिए सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन पिपरिया है इसी के साथ तहसील के नर्मदा तटों से प्रतिदिन भारी मात्रा में ओवरलोड डंपर ट्रैक्टर ट्रालियों से नर्मदा रेत की ढुलाई होती है। डायवर्सन मार्ग इसी कारण धसकने बड़े-बड़े गड्ढे होने और 24 घंटे उड़ती धूल के कारण जोखिम भरा यातायात और परेशानियों का कारण बन रहा है। एमपी आरडीसी के जिम्मेदारी वाले पिपरिया मार्ग पर टूटे पुल के स्थान पर क्या बारिश से पूर्व 6 माह में नया पुल का निर्माण पूर्ण हो पाएगा।

चर्चाओं का विषय बना हुआ है यदि 6 माह में नए पुल का निर्माण नहीं हुआ तो बारिश में बरेली पिपरिया मार्ग पर यातायात बंद हो जाने की स्थिति बन सकती है।

>> पुल के शेष हिस्से को डायनामाइट से उड़ाया



### ध्वस्त किया शेष हिस्सा

मछवाई नाले पर बने पुल का बीच वाला हिस्सा नीचे टूट कर गिर जाने की घटना में देवेंद्र धाकड़ नामक युवक की मृत्यु हो गई थी। पुल के दोनों तरफ शेष क्षतिग्रस्त हिस्सा बना हुआ था जिसे एमपीआरडीसी के द्वारा डायनामाइट लगाकर गिराने का प्रयास किया गया जब डायनामाइट लगाया गया तो दूर-दूर तक तेज आवाज और धूल का भारी गुवार कोतूहल और चर्चाओं का विषय बना रहा।शीघ्र नए पुल निर्माण की दिशा में इसे तेज कार्य के रूप में माना जा रहा है।

# बरेली को जिला बनाने की मांग का चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज >> >> बरेली

बरेली को जिला बनाने की पिछले दो दशक से मांग बनी हुई है बरेली जिला बनाओ समिति के द्वारा पिछले दिनों हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग को हजारों समर्थन वाले पत्रकों को सौंपा जाएगा।

पिछले 20 वर्षों से बरेली को जिला बनाने की निरंतर मांग चल रही है पिछले वर्षों में लगभग आधा दर्जन नए जिले प्रदेश में बन चुके हैं परंतु बरेली को जिला बनाने की अनदेखी से प्रस्तावित जिले की बम्होरी, सिलवानी, खरगोन, उदयपुरा, देवरी, बाड़ी, भारकछ कला, जैंसे प्रमुख स्थानों के हजारों लाखों निवासियों में राजनीतिक उदासीनता से गहरा असंतोष है। भाजपा कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता

>> नगर के हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर किया समर्थन




दर्जनों सामाजिक धार्मिक संगठनों संस्थाओं द्वारा बरेली को जिला बनाने का समर्थन किया जा रहा है।

### पुनर्गठन आयोग के समक्ष दावा

राजनीतिक प्रशासनिक राजस्व जनसंख्या यातायात सुविधा सहित अन्य मापदंडों पर बरेली को जिला बनाना अति आवश्यक है वर्तमान जिला मुख्यालय रायसेन से जिले के दूरस्थ ग्रामों तहसीलों की दूरी 150 से 200 किलोमीटर तक है।

बाड़ी सबसे बड़ी जनपद विकासखंड मुख्यालय है जिसमें 106 ग्राम पंचायतें आती हैं विकासखंड की आबादी साढ़े तीन लाख से अधिक होने से बरेली को विकासखंड मुख्यालय भी बनाए जाना जरूरी है प्रस्तावित बरेली जिले में 6 तहसीलें हैं और आबादी लगभग 5 लाख से अधिक है सभी दृष्टि से बरेली को जिला बनाने हस्ताक्षर अभियान में सभी का समर्थन और हजारों हस्ताक्षरों के पत्रक प्रस्तावित पुनर्गठन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर बरेली को जिला बनाने का जोरदार प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रताप सिंह बने श्रीकृष्णा यादव महासभा जिलाध्यक्ष

**रायसेन।** रमपुरा केसरी के भाजपा नेता प्रताप सिंह यादव को श्री कृष्णा यादव महासभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके संगठन में जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वजातीय बंधुओं द्वारा खुशी का इजहार कर बधाई दी है। वहीं केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। बधाई देने वालों में सौदान सिंह यादव रघुवीर सिंह यादव पठारी, संतोष यादव, चंदन यादव, एन कुमार यादव, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव, वरिष्ठ पत्रकार शिवलाल यादव, रमेश बाबू यादव, रामस्वरूप यादव, बालाराम यादव, पुरुषोत्तम यादव, हिम्मत सिंह यादव, राजेंद्र यादव, महेंद्र यादव भादनेर, खिलान सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

### कार से अवैध शराब की तस्करी करते गिरफ्तार

**रायसेन।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात्रि में गश्त के दौरान चेकिंग में डिजायर कार से अवैध देशी शराब की तस्करी करते हुए भादनेर निवासी दो आरोपी अमित अहिरवार और जीतू बेड़िया को पकड़ा है। वहीं एक अन्य आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि सफेद रंग की डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 वायक्यू 0821 से अवैध शराब की खेप आ रही है। तभी अलर्ट होकर वाहनों की जांच प्रारंभ की, तभी एक डिजायर कार आई। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर कार से 10 कार्टून देसी पाव के जब्त किए।

### गुणवत्ताहीन भोजन से शासन की योजना को लग रहा पलीता, जिम्मेदार मौन

# सरकारी स्कूलों में मेन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा बच्चों को मिड-डे मील, घट रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों की अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने एवं उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना का बच्चों को समुचित फायदा नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन वितरित किया जा रहा है। जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए शासन की ओर से मैन्यू भी निर्धारित किया है। लेकिन मध्यान्ह भोजन वितरण करने वाले महिला स्व सहायता समूह संचालक मेन्यू को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन भोजन ही बच्चों को परोस रहे हैं। जिससे स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की संख्या लगातार घट रही है।

पतली दाल, अधपकी जली रोटियां खाकर अब बोर होने लगे हैं। खास बात यह है कि जब भी अधिकारी निरीक्षण करने जाते हैं तो स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की संख्या न के बराबर होती है। लेकिन वे भी बच्चों की उपस्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं।

केंद्र, प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए जाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में स्थिति बिल्कुल उलट है। क्योंकि इन स्कूलों में छात्रों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराना तो दूर, बल्कि सांठगांठ से खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

मेन्यू अनुसार तथा नियमित रूप से मिड डे मील का वितरण न होने से स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों से पालक व अभिभावकों का विश्वास भी कम होता जा रहा है। इस कारण बच्चों की उपस्थिति घट रही है, जिसे लेकर स्कूलों के शिक्षक भी खासे चिंतित हैं।

#### बच्चे मध्याह्न भोजन के लिए घर से ला रहे थाली, खुद धोते हैं बर्तन

जिले की आदिवासी बहुल तहसील सिलवानी प्रतापगढ़ क्षेत्र के अधिकांश सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के बच्चों के बस्ते में कापी-किताब हो या न हो, थाली और एक पानी बोतल जरूर होती है। स्कूल में मध्यान्ह भोजन करने के लिए इन्हें रोजाना थाली व पानी बोतल लाना पड़ता है। कोई बस्ते में थाली लेकर आता है, तो कोई भोजन अवकाश के दौरान घर जाकर थाली लाता है। यही नहीं, जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में सहायिकाओं की भी नियुक्ति की गई है। इसके बावजूद बच्चों को स्वयं अपनी जूठन थाली धोनी पड़ती है। इस दौरान अनेक बच्चे पानी में भीग भी जाते हैं।कुछ ही स्कूलों में बच्चों को थाली लाने-ले जाने की समस्या से राहत देने स्कूल में ही थाली रखवाई जा रही है। शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए थाली स्वयं लाने की मजबूरी बच्चों पर भारी पड़ रही है। अनेक बच्चे थाली लेकर आने में शर्म भी महसूस करते हैं। इधर शिक्षा विभाग का कहना है कि जारीचालू शिक्षा सत्र में 27-27 सौ थाली वितरित की गई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

#### 1995 से शुरू हुई थी मिड डे मील योजना

केंद्र की सरकार द्वारा 20 साल पूर्व 15 अगस्त 1995 को मध्यान्ह भोजन योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्राइमरी स्कूल में चार रुपए 18 पैसे तथा माध्यमिक स्कूल स्तर पर 6 रुपए 13 पैसे प्रति बच्चे के हिसाब मध्यान्ह भोजन वितरण कर रहे स्व सहायता समूहों को भुगतान किए जाने का प्रावधान है।

#### इनका कहना है...

अगर सरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलों में मिड डे मील का मेन्यू का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। तो शिकायत मिलने पर संबंधित समूह के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- **भुवन सिंह मौर्य,** प्रभारी जिला पंचायत रायसेन।

#### नहीं मिल रहा भरपेट भोजन

बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को मीनू अनुसार भोजन तो दूर पेटभर खाना भी नहीं दिया जा रहा है। वहीं दुर्गा स्व सहायता समूह, जय भैरव बाबा समूह द्वारा बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन के दौरान देखने में आया कि बच्चों को दो पूड़ी और खीर तो दी गई, लेकिन आलू-टमाटर, मटर की सब्जी नहीं दी गई। यहां बताना जरूरी है कि मंगलवार को बच्चों को सभी सरकारी स्कूलों में विशेष भोजन दिया जाता है। लेकिन यहां केवल बच्चों को खीर व दो पूड़ी दी गई। जबकि शासन के नियम के अनुसार प्राइमरी स्तर के बच्चे को पांच पूड़ी, खीर, सब्जी का आहार दिया जाना चाहिए।

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर देहरी बांके बिहारी ढाबा के सामने हुआ हादसा

### दो बाइक आपस में भिड़ी, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित देहरी शिव मंदिर बांके बिहारी ढाबा के पास देर रात दो मोटरसाइकिल आपस में भिंड गई। जिससे दोनों मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार बाइक क्रमांक एमपी 40 जेडसी 5764 के चालक का पेट्रोल खत्म हो गया था। जिससे वह अपनी बाइक धक्का देकर पेट्रोल पंप लेकर जा रहा था, तभी पीछे से आई दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 15 जेडएच 0665 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### हंगामा मचा रहे युवक पर 170 की कार्रवाई

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र के टिगरा गांव में शराब पीकर हंगामा मचा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार देर रात रंजीत ठाकुर पिता सनमान सिंह उम्र 35 वर्ष शराब पीकर टिगरा जोड़ पर हंगामा कर रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस रंजीत ठाकुर को गिरफ्तार कर थाने ले आई। धारा 170 बीएनएसएस की कार्रवाई करते हुए सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश दिया।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक, आज होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

### 18 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन




नगर में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसको लेकर मां कर्मा मंदिर में बैठक रखी गई। बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें आयोजन समिति की घोषणा की गई।

28 दिसंबर को दशहरा मैदान मंगलवारा बाजार में भूमि पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रमों का क्रम प्रारंभ होगा। यहां बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष बना रहा हैं। बैठक में में यह निर्णय लिया गया कि हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी 2026 को दशहरा मैदान बाड़ी में किया जाएगा। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सम्मेलन को भव्य एवं अनुशासित स्वरूप देने पर चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन समिति, उप आयोजन समिति, संचालन टोली एवं संरक्षक मंडल का गठन किया गया।

## स्वामी विवेकानंद कॉलेज में 56 लाख से बनेगी बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

### विधायक डॉ चौधरी ने किया भूमिपूजन



शनिवार को शहर के सरकारी गर्ल्स कॉलेज में 71.31 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 600 मीटर लंबी बाउंड्रीवॉल एवं गेट निर्माण कार्य का विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने भूमिपूजन किया।

इसी के साथ प्रकार पाटनदेव स्थित स्वामी विवेकानंद कॉलेज में 56 लाख रुपए से बनने वाली बाउंड्रीवॉल का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि इस निर्माण के पूर्ण होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण अधिक सुदृढ़ होगा।

### गैरतगंज में विश्रामगृह का किया भूमिपूजन

**रायसेन।** गैरतगंज में आयोजित कार्यक्रम में सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा 110.02 लाख रुपए से बनने वाले 2 सूट विश्रामगृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विश्रामगृह के बनने से अतिथियों के रूकने एवं बैठकों के आयोजन में सुविधा होगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### गोशाला के श्रमिकों को बांटे कंबल

## हलाली डैम की रामकली गोशाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शनिवार को एसडीएम मनीष शर्मा ने हलाली डैम स्थित रामकली गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला में पशुओं के रख-रखाव, चारा, पानी व सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा गोशाला में कार्यरत श्रमिकों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। उन्होंने श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी, सांची नायब तहसीलदार, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित गोशाला संचालक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गोशाला की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए और बेहतर बनाने की बात कही।

## अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही बीना नदी

### नगर वासियों ने उठाई नगर की जीवनदायिनी के जीर्णोद्धार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज




नगर के बीचों बीच से बहने वाली बीना नदी की भी शान निराली थी। पशु-पक्षी, जीव-जंतु, हिन्दू मुस्लिम सहित हर वर्ग, हर समुदाय के लोगों की प्यास बुझाने वाली बीना नदी आज खुद बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है।

ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज बीना नदी खत्म होने की कगार पर पहुंच गई है। विगत दो साल पूर्व ठेकेदार ने नगर में सड़क चौड़ीकरण के दौरान पुल को तोड़कर नदी में एक अस्थाई पुल का निर्माण किया गया था। लेकिन नवीन पुल निर्माण के बाद भी नदी में बनाए अस्थाई पुल के मलबे को हटाया नहीं गया। नतीजन अस्थाई पुल का मलबा नगर की जीवनदायिनी बीना नदी में पानी के बहाव में रुकावट हुआ है।

नदी का गहरीकरण नहीं होने नदी में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है, जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या गहराने लगी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बीना नदी हमारे गैरतगंज को एक अलग पहचान के साथ साथ बीना नदी से नगर के 70 प्रतिशत नलकूप का जल स्तर बना रहता है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी में नदी को नष्ट कर दिया है। हमारी मांग है कि बीना नदी का गहरीकरण कराया जाए और बीना नदी पर बने निस्तारी डेम को तोड़कर गेट लगाए जाए, जिससे बीना नदी का पुराव होना बंद हो सके और अपने अस्त्वि की लड़ाई लड़ रही बीना नदी सुरक्षित रह सके।

### ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी सुविधा

## 4 लाख की लागत से हो रहा 130 मीटर सड़क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरा में विकास कार्यों को गति देते हुए पंचायत द्वारा लगभग 4 लाख रुपए की लागत से तरी पूरा मोहल्ला में गजराज सिंह के मकान से लेकर प्रमोद सिंह के मकान तक लगभग 130 मीटर लंबी आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।


इस आरसीसी सड़क के बनने से बरसात के मौसम में कीचड़ और आवागमन की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही ग्रामीणों को स्कूल, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचने में सुविधा होगी। सेमरा सरपंच भानु लोधी ने बताया है कि सेमरा गांव में जहां-जहां पर भी कच्चा रास्ता है, वहां-वहां पर आने वाले समय में आरसीसी सड़क बनाई जाएगी। बाकी ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल सके।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर पंचायत का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

## सिया के हुए श्री राम, राजसी ठाठ बाट से निकली रघुनंदन की बारात

#### लगभग 56 वर्षों से लगातार होता आ रहा ऐतिहासिक श्रीरामलीला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची



नगर में लगभग 56 वर्षों से निरंतर चल रही ऐतिहासिक श्रीरामलीला में राम बारात का आयोजन हुआ। राम बारात सांची क्षेत्र की जनता के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र है, जिसे देखने सारा शहर बारात के रास्ते में घंटों खड़ा रहकर इंतजार करता है।

यह श्रीराम बारात शनिवार शाम को शहर के मुख्य मार्गो से निकली जो रामलीला मैदान पहुंची। राम बारात में राजा दशरथ सहित अनेक राजा, रथों और पालकी पर सवार थे, तो वहीं चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न घोड़ों पर सवार थे। बारात में सांची शहर के सारे बंद सुमधुर संगीत बिखेर रहे थे, बारात में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी, साथ ही जोरदार आतिशबाजी भी की जा रही थी।

बारात में शहर के अनेक नागरिक, जनप्रतिनिधि और रामलीला मेला कमेटी से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। पूरे शहर में बारात का भव्य स्वागत किया। नागरिकों और अनेक संस्थाओं ने पूरी बारात पर पुष्प वर्षा की और राम जी सहित चारों भाईयों की आरती कर उनका आशीर्वाद लिया।

सांची में विगत 55 वर्षों से भगवान राम की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। शनिवार को भव्य राम बरात सांची शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। राम बारात में बड़ी संख्या में जनता ने पहुंचकर बारात का स्वागत किया, पूरा सांची राममय हो गया। सांची रामलीला मैदान से राम बरात शुरू होकर नगर मुख्य मार्गो से होते हुए श्री रामलीला प्रांगण में पहुंची।

### अलाव और गर्म कपड़ों के सहारे लोग, बच्चों-बुजुर्गों की सेहत पर असर

## शीतलहर की चपेट में नगर, ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र में बीते 15 दिनों से लगातार शीत लहर का प्रकोप बना हुआ है। तापमान में लगातार गिरावट और सर्द हवाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सुबह और रात के समय ठंड का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ कामकाजी वर्ग को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं। गर्म कपड़े, स्वेटर, जैकेट, शॉल और कंबल के बिना घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। बावजूद इसके शीत लहर इतनी तीव्र है कि अलाव के पास बैठने के बाद भी लोगों को पूरी राहत नहीं मिल पा रही है। शीत लहर का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर देखा जा रहा है। ठंड के कारण सर्दी, खांसी और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों में भी इजाफा हो रहा है।

#### फैक्ट फाइल

- ठंड के कारण सर्दी, खांसी और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों में हो रहा इजाफा।
- सुबह और रात के समय ठंड का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है।
- शहर के चौक-चौराहों पर अलाव जलाकर कर रहे ठंड से बचाव



स्कूली बच्चे पूरी तरह गर्म कपड़ों में लिपटकर स्कूल पहुंच रहे हैं। कई बच्चे टोपी, मफलर और दस्तानों के साथ दिखाई दे रहे हैं। अभिभावक बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं, लेकिन शैक्षणिक गतिविधियों के चलते बच्चों को ठंड में भी घर से बाहर निकलना पड़ रहा है।

दिहाड़ी मजदूरों, ठेले-खोमचे वालों और खुले में काम करने वाले लोगों के लिए ठंड किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

अलसुबह काम पर निकलने वाले मजदूर अलाव के सहारे दिन की शुरुआत कर रहे हैं। वहीं ठंड के कारण बाजारों में सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहता है और गतिविधियां देर से शुरू हो रही हैं।

#### सुबह के समय कोहरा छाने से वाहन चालक हो रहे परेशान

ठंड का असर यातायात और दिनचर्या पर भी साफ नजर आ रहा है। सुबह के समय कोहरे और ठंड के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में शीत लहर का असर बना रह सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। कड़ाके की ठंड के बीच लोग राहत की उम्मीद में मौसम के मिजाज में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं।।